tis question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No.....

No. of Question Paper : 6095 **G**

que Paper Code : 205202

e of the Paper : Hindi Paper - V

(Uttarmadhyakalin Kavita)

me of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi**

mester : II

ration : 3 Hours Maximum Marks : 75

त्रों के लिए निर्देश

इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।

सभी प्रश्न अनिवार्य है।

"भाव और शिल्प" की दृष्टि से रहीम के काव्य की समीक्षा कीजिए। (15)

अथवा

देव के सौन्दर्य-वर्णन पर प्रकाश डालिए।

बिहारी की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए। (15)

अथवा

रीतिकालीन वीर काव्य परंपरा में भूषण का स्थान निर्धारित कीजिए।

P.T.O.

3. घनानंद की 'प्रेम-व्यंजना' पर प्रकाश डालिए।

अथवा

गिरिधर के काव्य में वर्णित नैतिक आदर्शों की विवेचना कीजिए।

4. किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए:

(क) रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो छिटकाय।

टूटे से फिर ना मिले, मिले गाँठ परि जाय।।

रहिमन प्रीति न कीजिए, जस खीरा ने कीन।

ऊपर से तो दिल मिला, भीतर फाँकें तीन।।

(ख) पावक मैंबसि आँच लगै न, बिना छत खाँड़े कि धार पै धावै,

मीत सों भीत, अभीत अमीत सों, दुक्ख सुखी, सुख मैं दुःख

जोगी है आठ हु जाम जगै, अठजामनि कामनि सौं मनु लावे।

आगिलो पाछिलों सोचि सबै फल कृत्य करै, तब भृत्य कहावै।।

(ग) साजि चतुरंग-सैन अंग मैं उमंग धारि

सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत है।

भूषन भनत नाद-बिहंद नगारन के

नदीनद मद गैबरन के रलत है।

ऐलफैल खैलभैल खलक में गैलगैल

गजन की ठैलपैल सैल उसलत है।

तारा सो तरनि धूरिधारा में लगत जिमि

थारा पर पारा पारावारा यों हालत है।

दिए गए निर्देशों के आधार पर किन्हीं दो का रचना-कौशल (लगभग 150 शब्दों में) स्पष्ट कीजिए : (7+7)

(क) **निर्देश : भाषा-सौन्दर्य**

दृग उरझत, टूटत कुटुम, जुरत चतुर-चित प्रीति।

परति गाँठि दुरजन-हियैं, दइ, नई यह रीति।।

(ख) **निर्देश : प्रकृति-सौन्दर्य**

बंदनवार बँधै सब कैं, सब फूल की मालन छाजि रहे हैं।

मैनका गाइ रहीं सब कैं, सुर-संकुल है सब राजि रहे हैं।।

फूल सब बरसैं 'द्विजदेव', सबै सुखसाज कौं साजि रहे हैं।

P.T.O.

यौं ऋतुराज के आगम मैं, अमरावती कौं तरु लाजि रहे

(ग) **निर्देश : भाव-सौंन्दर्य**

थोरै दिन के कारणे, कौन उपाधि करै

किस जीवन के वास्ते, जग में पचि-पचि मरै

जग में पचि-पचि मरै, आपनी इज्जत खोवै

एक गमावै हुरमत, द्वितीय फजीहत होवै

कह गिरिधर कविराय, जु जीवन मुक्ती लोरै

तजै सर्व का संग, जान रहना दिन थोरैं।

रहे हैं।

his question paper contains 2 printed pages]

our Roll No. : ....

. No. of Q. Paper : **8694** **GC-4**

nique Paper Code : 12051201

ame of the Course : **B.A.(Hons.) Hindi**

ame of the Paper : Hindi Sahitya Ka Itihas (Aadikal Aur Madhyakal)

emester : II

ime : 3 Hours ***Maximum Marks : 75***

द्यार्थियों के लिए निर्देश :

(a) इस प्रश्न-पत्र के प्राप्त होने पर तुरंत शीर्ष पर अपना रोल नंबर लिखें।

(b) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

. हिन्दी साहित्य के इतिहास-लेखन की परंपरा पर प्रकाश डालिए । 14

अथवा

रीतिकाल के नामकरण पर विचार कीजिए ।

. आदिकालीन हिन्दी साहित्य का राजनीतिक और सामाजिक परिवेश स्पष्ट कीजिए । 14

P.T.O.

अथवा

आदिकालीन लौकिक साहित्य की विशेषताएँ बतलाइए।

3. भक्ति आंदोलन का अखिल भारतीय स्वरूप स्पष्ट कीजिए। 14

अथवा

सूफी काव्य की प्रवृत्तियाँ बताइए।

4. रीतिकाल की युगीन पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए। 14

अथवा

रीतिबद्ध और रीतिसिद्ध काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियाँ स्पष्ट कीजिए।

5. (क) किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। [6, 6]

(i) रासो काव्य

(ii) राम-भक्ति काव्य

(iii) ज्ञानाश्रयी शाखा

(iv) रीतिमुक्त काव्य

(ख) किसी **एक** पर टिप्पणी कीजिए : 7

(i) अमीर खुसरो

(ii) मीराबाई

[This question paper contains 4 printed pages]

Your Roll No. : .....

Sl. No. of Q. Paper : **8695** **GC-4**

Unique Paper Code : 12051202

Name of the Course : **B.A.(Hons.) Hindi CBCS**

Name of the Paper : Hindi Kavita (Reetikalin Kavya)

Semester : II

Time : 3 Hours ***Maximum Marks : 75***

विद्यार्थियों **के लिए सामान्य निर्देश** :

(a) इस प्रश्न-पत्र के प्राप्त होने पर तुरंत शीर्ष पर अपना रोल नंबर लिखें।

(b) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. केशव की काव्यकला का विश्लेषण कीजिए। 12

अथवा

रहीम के भाव-सौन्दर्य का विवेचन कीजिए।

2. 'बिहारी की वाग्विदग्धता' का परिचय दीजिए। 12

P.T.O.

अथवा

'बिहारी के श्रृंगार चित्रण' की विशेषताएँ बताइए।

3. 'घनानंद के काव्य में प्रेम की धारा प्रवाहित हुई है' सोदाहरण विवेचन कीजिए। 12

अथवा

'नेही महा ब्रजभाषा प्रवीन' पंक्ति के आलोक में घनानंद की काव्यभाषा की विशेषताएँ लिखिए।

4. भूषण के काव्य-शिल्प पर विचार कीजिए। 12

अथवा

नीति-कवि के रूप में गिरिधर कविराय का मूल्यांकन कीजिए।

5. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 12

(क) हाथी न साथी न घोरे न चेरे, न गाँव न ठांव को नांव बिलैहै।
तात न मात, न मित्र न पुत्र न बित्त न अंगै हू संग न रैहै। 6
केशव काम को राम बिसारत और निकाम न कामहि ऐहै।
चेत रे चेत अजू चित्त अंतर अन्तक लोक अकेलहि जैहै।

अथवा

प्रेम पंथ ऐसो कठिन, सब कोउ निबहत नाहिं।
रहिमन मैन तुरंग चढ़ि, चलिबो पावक माहिं।
रहिमन पैड़ा प्रेम को, निपट सिलसिली गैल।
बिछलत पाँव पिपीलिका, लोग लदावत बैल।

(ख) इंद्र जिमि जम्भ पर बाडव सुअम्भ पर रावन सदम्भ
पर रघुकुल राज है।
पौन बारिबाह पर संभु रतिनाह पर ज्यों सहस्रबाहु पर
राम द्विजराज है।
दावा द्रुमदंड पर चीता मृगझुण्ड पर भूषन बितुंड पर
जैसे मृगराज है।
तेज तम अंस पर कान्ह जिमि कंस पर त्यौं मलेच्छ
बंस पर सेर सिवराज है।

अथवा

चिंता ज्वाल सरीर की, दाह लगे न बुझाय
प्रकट धुवां नहिं देखिए, उर अंतर धुंधवाय
उर अंतर धुंधवाय, जरै जस कांच की भट्टी
रक्त मांस जरि जाइ, रहै पांजरि की ठट्टी
कह गिरिधर कविराय, सुनो रे मेरे मीता
ते नर कैसे जियैं, जाहि व्यापी है चिंता।

6. दिए गए निर्देशों के अनुसार किन्हीं **दो** अवतरणों का रचना-कौशल स्पष्ट कीजिए। 12

(क) रूप निधान सुजान सखी जब तें इन नैननि नैकु
निहारे।
दीठि थकी अनुराग छकी मति लाज के साज समाज
बिसारे।
एक अचंभौ भयौ घनआनंद हैं नित ही पल पाट
उघारे।
टारें टरै नहीं तारे कहूं सु लगे मनमोहन मोह के तारे।

(भाषा सौन्दर्य)

(ख) घाम घरीक निवारियै, कलित ललित अलि पुंज
जमुना तीर तमाल तरु मीलित मालती कुंज
रनित भृंग घंटावली झरति दान मधु नीर
मंद मंद आवत चल्यौ कुंजर कुंज समीर

(प्रकृति सौन्दर्य

(ग) मीत सुजान अनीति करौ जिन हाहा न हूजिए मोहि
अमोही
दीठि कौं और कहूं नहिं, ठौर फिरी दृग रावरे रूप की
दोही
एक बिसास की टेक गहे लगि आस रहै बसि प्राण
बटोही
हौ घनआनंद जीवनमूल दई कित प्यासनि मारत मोही

(घनानंद का वियोग वर्णन)

(घ) मेरी भव बाधा हरो, राधा नागरि सोइ।
जा तन की झांई परै, स्याम हरित दुति होइ।
दृग उरझत टूटत कुटुम, जुरत चतुर चित प्रीति
परति गाँठ दुर्जन हिये, दई नई यह रीति।

(शिल्प सौन्दर्य)

is question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No.....

No. of Question Paper : 6094 **G**

ique Paper Code : 205201

me of the Paper : हिन्दी-प्रश्नपत्र IV (हिन्दी कहानी)

me of the Course : **B.A. (Hons.) बी.ए. (ऑनर्स) Hindi**

mester : IV

ration : 3 Hours Maximum Marks : 75

<u>त्रों के लिए निर्देश</u>

इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: (8+8)

(1) सामने के फ्लैटवाली मिसेज़ गिडवानी भी दो बासी रोटियों पर तीन दिन पुराना सालन डालकर घर के बाहर चबूतरे पर रख आयी हैं, क्योंकि उसमें से बास आने लगी थी। इसे कोई गाय खा जाये तो भी ठीक, किसी कुत्ते के मुँह में पड़ जाये तो भी ठीक, और जो गौरी के बच्चे उठाकर खा लें, तो भी ठीक। और गौरी के बच्चे सचमुच लपककर पहुँच गए हैं, जिन्हें देखकर मिसेज़ गिडवानी फिर से अपने बेटे को सीख देने लगी हैं: "देखा? कैसी भूख से खाना खाते हैं। तुझे तो भूख ही नहीं लगती। बात-बात पर नखरे करता है, यह नहीं खाऊँगा, वह नहीं खाऊँगा। देख तो, लगता है जैसे पिकनिक कर रहे हैं।"

P.T.O.

(2) पत्र बड़ा नहीं था। सीधे-सादे ढंग से उसमें यह लिखा था कि "
जब विवाह के लिय यहाँ पहुँचेंगे तो मुझे प्रस्तुत भी पाएँगे। लेकिन
चित्त की हालत इस समय ठीक नहीं है और विवाह जैसे धार्मि
अनुष्ठान की पात्रता मुझमें नहीं है। एक अनुगता आपको विवाह
मिल जाएगी। पर चाहिए कि वह जीवन संगिनी भी हो। वह मैं हूँ
हो सकती हूँ, इसमें मुझे बहुत संदेह है। फिर भी अगर आप चाहें आप
माता-पिता चाहें, तो प्रस्तुत मैं अवश्य हूँ। विवाह में आप मुझे लेंगे
स्वीकार करेंगे तो मैं अपने को दे भी दूँगी, आपके चरणों की धूल मा
से लगाऊँगी। आपकी कृपा मनाऊँगी। कृतज्ञ होऊँगी। पर निवेदन है
यदि आप मुझ पर से अपनी मांग उठा लेंगे, मुझे छोड़ देंगे, तो मैं
भी कृतज्ञ होऊँगी। निर्णय आपके हाथ है। जो चाहे निर्णय करें।"

(3) करुणा के मन की सारी दुर्बलता, सारा शोक, सारी वेदना मानो लु
हो गयी, और उनकी जगह उस आत्म-बल का उदय हुआ, जो मृ
पर हँसता है, और विपत्ति के साँपों से खेलता है। रत्न-जड़ित, मखम
म्यान में जैसे तेज़ तलवार छिपी रहती है, जल के कोमल प्रवाह
जैसे असीम शक्ति छिपी रहती है, वैसे ही रमणी का कोमल हृदय साह
और धैर्य को अपनी गोद में छिपाये रहता है। क्रोध जैसे तलवार
बाहर खींच लेता है, विज्ञान जैसे जल-शक्ति का उद्घाटन कर ले
है, वैसे ही प्रेम रमणी के साहस और धैर्य को प्रदीप्त कर देता है

2. दिए गए निर्देशों के आधार पर किन्हीं दो पाठांशों का रचना-कौशल लगभ
150 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। (7,7

(1) निर्देश : दलित-चेतना की

राकेश अपने भीतर उठने वाली बेचैनी को जितना दबाने की कोशिश कर रहा था, वह उतना ही तीव्रता से बढ़ रही थी। वह फ़िर से कुर्सी पर बैठ गया था। सोनकर का चेहरा उसके उद्वेलित कर रहा था। सोनकर की ज़द्दोज़हद राकेश की अपनी पीड़ा बन गई थी। उसने एक गहंरी साँस ली और झटके से उठकर खड़ा हो गया था। उसने तय कर लिया था, वह सोनकर की अन्तिम यात्रा में शामिल ही नहीं होगा, उसे कन्धा भी देगा।

निर्देश : कथा-भाषा की दृष्टि से

मलबे के नीचे नाली का पानी हल्की आवाज़ करता बह रहा था। रात की खामोशी को काटती हुई कई तरह की हल्की-हल्की आवाज़ें मलबे की मिट्टी में से सुनाई दे रही थीं.... च्यु..च्यु....च्यु... चिक्-चिक्-चिक्. .. किर् र्र्र्- रीरीरीरी- चिर्र्र्। एक भटका हुआ कौआ न जाने कहाँ से उड़कर उस चौखट पर आ बैठा। इससे लकड़ी के कई रेशे इधर-उधर छितरा गए। कौए के वहाँ बैठते-न-बैठते मलबे के एक कोने में लेटा हुआ कुत्ता गुर्रा कर उठा और जोर-जोर से भौंकने लगा - वऊ-अऊ-वऊ।

निर्देश : परिवेश की दृष्टि से

चाँद की ख़बर के साथ ही घर का माहौल एकदम बदल जाता है। बच्चे टोपियाँ लगाकर सलाम करते तराबियाँ पढ़ने मस्ज़िद की तरफ़ दौड़ जाते हैं। सहरी की तैयारी होने लगती है। अम्माँजी अपने हाथ से घड़ी का अलार्म, जिसे वे 'जाग' कहती हैं, सेट करके, घड़ी खुद अपने सिरहाने

रखकर सोती है। 'जाग' बजते ही वे खुद उठकर सारे घरवा जगा देती हैं। चूल्हें के इर्द-गिर्द बैठकर सब लोग सहरी भी का हैं। और एक-दूसरे से बातचीत भी। सुबह के नाश्ते और दो खाने का चूल्हा जलना बंद, सिर्फ शाम को इफ्तार और खाने का इंतज़ाम किया जाता है। यह देखते हुए उसके अम्माँजी से अप न रखने की बात कहने की हिम्मत न होती।

3. विभाजन के संदर्भ में मोहन राकेश की कहानी 'मलबे का मालिक' के का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

निर्मल वर्मा की कहानी 'धूप का एक टुकड़ा' मूल संवेदना पर विचार क

4. शिल्प की दृष्टि से जैनेन्द्र की 'जाह्नवी' कहानी की समीक्षा कीजिए।

अथवा

'एक कमज़ोर लड़की' कहानी के अधार पर रूप की चारित्रिक विशेषताओं प्रकाश डालिए।

5. "टेपचू कभी मर नहीं सकता..... क्योंकि संघर्ष ही उसकी नियति है।"- कथन के संदर्भ में टेपचू के चरित्र का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

'पिकनिक' कहानी की विशेषताओं पर विचार कीजिए।

his question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No.....

No. of Question Paper : 6096 **G**

ique Paper Code : 205401

me of the Paper : Adhunik Kavita-1

me of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi**

mester : IV

ration : 3 Hours Maximum Marks : 75

त्रों के लिए निर्देश

इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** काव्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (8+8=16)

(क) हे ईश! बहु उपकार तुमने सर्वदा हम पर किये,
उपहार प्रत्युपकार में क्या दें तुम्हें इसके लिये?
है क्या हमारा सृष्टि में? यह सब तुम्हीं से है बनी,
सतत ऋणी हैं हम तुम्हारे, तुम हमारे हो धनी!

(ख) चढ़ रही थी धूप;
गर्मियों के दिन
दिवा का तमतमाता रूप;

P.T.O.

उठी झुलसाती हुई लू,

रुई ज्यों जलती हुई भू,

गर्द चिनगीं छा गयी,

प्राय: हुई दुपहर:-

वह तोड़ती पत्थर!

(ग) अपना खोया संसार न तुम पाओगी।

राधा माँ का अधिकार न तुम पाओगी।

छीनने स्वत्व उसका तो तुम आयी हो,

पर, कभी बात यह भी मन में लायी हो?

उसको सेवा, तुमको सुकीर्ति प्यारी है,

तुम ठकुरानी हो, वह केवल नारी है।

(घ) कोई नभ से आग उगलकर किये शान्ति का दान,

कोई माँज रहा हथकड़ियाँ छेड़ क्रान्ति की तान!

कोई अधिकारों के चरणों चढ़ा रहा ईमान,

'हरी घास शूली के पहले की'-तेरा गुण गान!

आशा मिटी, कामना टूटी, बिगूल बज पड़ी यार!

मैं हूँ एक सिपाही! पथ दे, खुला देख वह द्वार!!

निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो का रचना-कौशल (लगभग 150 शब्दों में) उद्घाटित कीजिए: (7+7=14)

(क) **निर्देश : स्वातंत्र्य भावना**

हिमाद्रि तुंग शृंग से
प्रबुद्ध शुद्ध भारती
स्वयम्प्रभा समुज्जवला
स्वतंत्रता पुकारती
'अमर्त्य वीर पुत्र हो, दृढ़ प्रतिज्ञ सोच लो
प्रशस्त पुण्य पंथ है,-बढ़े चलो, बढ़े चलो।'

(ख) **निर्देश : मित्रता**

लेकिन, यह होगा नहीं देवि! तुम जाओ
जैसे भी हो सुत का सौभाग्य मनाओ।
दे छोड़ भले ही कभी कृष्ण अर्जुन को
मैं नहीं छोड़ने वाला दुर्योधन को।

(ग) **निर्देश : यथार्थ बोध**

मरने में आदमी की कफ़न करते हैं तैयार
नहला धुला उठाते हैं, कांधे पे कर सवार
कलमा भी पढ़ते हैं, रोते हैं जार-जार
सब आदमी ही करते हैं मुर्दे का कारोबार

और वो जो मर गया है, सो है वो भी आदमी।

(घ) **निर्देश : राष्ट्रीय भावना**

वीरों का कैसा हो बसन्त?

आ रही हिमालय से पुकार,

है उदधि गरजता बार-बार

प्राची, पश्चिम, भू, नभ, अपार

सब पूछ रहे हैं दिग्-दिगन्त,

वीरों का कैसा हो बसन्त?

3. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (15 + 15 + 15=

(क) मैथिलीशरण गुप्त की काव्य भाषा का विश्लेषण कीजिए।

(ख) 'रश्मिरथी' के आधार पर कर्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) माखन लाल चतुर्वेदी के काव्य में राष्ट्रीय चेतना का मूल्यांकन कीं

(घ) जय शंकर प्रसाद के काव्य में प्रेम और सौन्दर्य-भावना का विश्ले कीजिए।

(ङ) सुभद्रा कुमारी चौहान के काव्य-सौष्ठव का मूल्यांकन कीजिए।

(च) 'तोड़ती पत्थर' कविता में कवि की सर्वहारा वर्ग के प्रति सहानुभूति पूँजीपति वर्ग के प्रति आक्रोश व्यक्त है, स्पष्ट कीजिए।

is question paper contains 2 printed pages.]

Your Roll No..............

. No. of Question Paper : 6097 **G**

ique Paper Code : 205402

me of the Paper : प्रश्नपत्र–11 Samanya Bhasha Vigyan aur Hindi Bhasha

me of the Course : **B.A. (Hons) Hindi**

mester : IV

uration : 3 Hours Maximum Marks : 75

त्रों के लिए निर्देश

इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

भाषा की परिभाषा तथा उसके अभिलक्षणों का विवेचन कीजिए।

अथवा

भाषा विज्ञान का स्वरूप बताते हुए विभिन्न अध्ययन पद्धतियों का परिचय दीजिए। (15)

2. ध्वनि-परिवर्तन की दिशाओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

स्वनिम और संस्वन की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए दोनों में अंतर बताइए। (15)

P.T.O.

3. रचना के आधार पर वाक्य के प्रकार बताइए।

अथवा

शब्द और अर्थ के पारस्परिक संबंध का विवेचन करते हुए अर्थ-साधनों का उल्लेख कीजिए।

4. पश्चिमी हिन्दी की बोलियों का सामान्य परिचय दीजिए।

अथवा

हिन्दी की स्वनिम व्यवस्था का परिचय दीजिए।

5. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए :

(क) अर्थ परिवर्तन की दिशाएँ

(ख) स्वर का वर्गीकरण

(ग) वाक्य के निकटस्थ अवयव

6. किसी **एक** पर संक्षिप्त लेख लिखिए :

(क) पाणिनि का भाषा-चिंतन

(ख) सपीर का मौखिक विमर्श

(ग) बौद्ध-चिंतकों का भाषा संबंधी योगदान

is question paper contains 6 printed pages.]

Your Roll No.....

No. of Question Paper : 6488 **G**

ique Paper Code : 205471

me of the Paper : हिन्दी साहित्य (DCC/Credit Course)

me of the Course : **बीएस. सी. ऑनर्स**

mester : IV

य : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

त्रों के लिए निर्देश

इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(क) आदिकाल के नामकरण पर विचार कीजिए।

अथवा

"रीतिकाल पतन का काल है" इस कथन के आलोक में रीतिकाल पर टिप्पणी लिखिए। (7)

(ख) 'मध्यकालीन बोध' पर विचार कीजिए।

अथवा

P.T.O.

'आधुनिकता' का अर्थ स्पष्ट करते हुए आधुनिक बोध का परिचय दीजिए।

(ग) भारतेन्दु के नाटकों में नवजागरण के प्रभावों को स्पष्ट कीजि

अथवा

द्विवेदी युग में नवजागरण के स्वर पर प्रकाश डालिए।

2. (क) 'शांतिपाठ' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

अथवा

'जनतंत्र का जन्म' कविता का भाव लिखिए।

(ख) किन्हीं **दो** पद्यांशों के आधार पर उनके नीचे दिये गए प्रश्नों के दीजिए :

(8+

1 आज यह दीवार, परदों की तरह हिलने लगीं;
शर्त लेकिन थी कि ये बुनियाद हिलनी चाहिए।
हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर, हर गाँव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए।

(i) उपर्युक्त पंक्तियों में 'बुनियाद' से क्या अभिप्राय है

(ii) उपर्युक्त पंक्तियों के कवि का नाम और कविता का लिखिए।

(iii) प्रस्तुत पंक्तियों का भाव लिखिए।

2. 'देश-प्रेम की भट्ठी जलाकर
मैं अपनी ठंडी मांसपेशियों की विदेशी मुद्रा में
ढाल रहा हूं
फूट पड़ने के पहले, अणुबम के मसौदे को बहसों की प्याली में
उबाल रहा हूं।'

(i) उपर्युक्त पंक्तियों के कवि का नाम और कविता का शीर्षक लिखिए।

(ii) 'बहसों की प्याली' से क्या अभिप्राय है ?

(iii) इन पंक्तियों का भावार्थ लिखिए।

3. भीतर भीतर सब रस चूसै।
हँसि हँसि कै तन मन धन मूसै।
जाहिर बातन में अति तेज
क्यों सखि सज्जन नहिं अंगरेज।

(i) उपर्युक्त पंक्तियों के कवि का नाम और कविता का शीर्षक लिखिए।

(ii) 'भीतर भीतर सब रस चूसै' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(iii) उपर्युक्त पंक्तियों का भावार्थ लिखिए।

3. (क) 'दूध का दाम' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'विज्ञापन में बिकती नारी' का प्रतिपाद्य लिखिए।

(ख) किन्हीं दो गद्यांशों के आधार पर उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के दीजिए :

1. लड़ाई के समय चाँद निकल आया था। ऐसा चाँद, जिसके से संस्कृत-कवियों का दिया हुआ 'क्षयी' नाम सार्थक होता और हवा ऐसी चल रही थी जैसी कि बाणभट्ट की भाषा 'दन्तवीणोपदेशाचार्य' कहलाती। वजीरासिंह कह रहा था कि मन-मन भर फ्राँस की भूमि मेरे बूटों से चिपक रही थी, जब दौड़ा-दौड़ा सूबेदार के पीछे गया था। सूबेदार लहनासिंह से सारा सुन और काग़ज़ात पाकर उसकी तुरन्त बुद्धि को सराह रहे थे तू न होता तो आज सब मर जाते।

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस रचना से लिया गया है ? लेखक का भी लिखिए।

(ii) प्रस्तुत गद्यांश के मूल भाव को स्पष्ट कीजिए।

2. घर फूँकने का अर्थ है धन और मान का मोह त्याग देना, भूत भविष्य की चिंता छोड़ देना और सत्य के सामने सीधे खड़े हों

जो कुछ भी बाधा हो, उसे निर्ममतापूर्वक ध्वंस कर देना। पर सत्यों का सत्य यह है कि लोग कबीरदास के साथ चलने की प्रतिज्ञा करने के बाद भी घर नहीं फूँक सके।

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस रचना से लिया गया है ? लेखक का नाम भी लिखिए।

(ii) प्रस्तुत गद्यांश के मूल भाव को स्पष्ट कीजिए।

3. जनसेवकजी ने संवाददाता को पोस्ट ऑफिस के काउंटर पर पकड़ा और उसे चाय की दुकान पर अपना बयान लिखाने के लिए ले गये। किंतु चाय की दुकान पर सुविधा नहीं हुई, तो उसे अपने डेरे पर ले गये। लिखो- "स्मरण रहे कि ऐसा बाढ़ .... बाढ़ स्त्रीलिंग है ? तब, ऐसी बाढ़ ही लिखो। हाँ, तो स्मरण रहे कि ऐसी बाढ़ इसके पहले कभी नहीं आयी...।"

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस रचना से लिया गया है ? लेखक का नाम लिखिए।

(ii) हाँ, तो स्मरण रहे कि ऐसी बाढ़ इसके पहले कभी नहीं आयी... पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

(क) किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (3)

(i) लंगड़ कौन है ?

(ii) 'कोर्ट मार्शल' नाटक में किस समस्या को उठाया

(iii) 'राग दरबारी' उपन्यास में वैद्य जी कौन हैं ?

(iv) गुलनार कौन थी ?

(ख) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

(i) माधवी कौन है ? उसका गालव से क्या रिश्ता है ?

(ii) रामचंदर ने बलिवान सिंह की ड्यूटी बदलने के लिए क
था ?

(iii) गालव माधवी को क्यों अस्वीकार करता है ?

(iv) कैप्टन कपूर अपने फ्री राशन का क्या करता था ?

[This question paper contains 2 printed pages.]

Your Roll No.....

Sr. No. of Question Paper : 7678 **F-8**

Unique Paper Code : 2051401

Name of the Paper : Bhasha Vigyan Aur Hindi

Name of the Course : **B.A. (H.) Hindi**

Semester : IV

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

2. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

1. भाषाविज्ञान का अभिप्राय बताते हुए उसके अध्ययन की विभिन्न पद्धतियों को स्पष्ट कीजिए। (15)

अथवा

व्यंजन किसे कहते हैं ? प्रयत्न के आधार पर इनका वर्गीकरण कीजिए।

2. शब्द से क्या तात्पर्य है ? उत्पत्ति के आधार पर शब्दों का वर्गीकरण कोजिए। (15)

P.T.O.

अथवा

पारिभाषिक शब्द की अवधारणा का विस्तार से विवेचन कीजिए।

3. वाक्य की परिभाषा बताते हुए रचना की दृष्टि से वाक्य के विभिन्न प्रकारों का सोदाहरण विवेचन कीजिए। (15)

अथवा

अर्थ को स्पष्ट करते हुए, अर्थ परिवर्तन के कारणों पर प्रकाश डालिए।

4. हिंदी भाषा के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए। (15)

अथवा

समाज भाषाविज्ञान से आप क्या समझते हैं ? भाषा और समाज के अन्त:संबंधों का विवेचन कीजिए।

5. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए :-

(क) हिंदी के खंड्य स्वनिम;

(ख) भाषा और लिंग;

(ग) शब्द और पद में अंतर;

(घ) स्वर और व्यंजन में अंतर। (8+7)

his question paper contains 2 printed pages.]

Your Roll No.....

. No. of Question Paper : 9205 GC

nique Paper Code : 12051401

ame of the Paper : Bhartiya Kavyashastra
(भारतीय काव्यशास्त्र)

ame of the Course : B.A. (Hons.) Hindi (CBCS)

emester : IV

uration : 3 Hours Maximum Marks : 75

त्रों के लिए निर्देश

इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

. भारतीय काव्यशास्त्र की परंपरा का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

अथवा

'कवि की काव्य-रचना सोद्देश्य होती है'। इस कथन के संदर्भ में काव्य-प्रयोजन पर प्रकाश डालिए। (12)

2. रस की परिभाषा देते हुए रस के स्वरूप पर विचार कीजिए।

अथवा

P.T.O.

व्यंजना शब्द-शक्ति का भेदों सहित विवेचन कीजिए।

3. नाटक अथवा महाकाव्य का तात्त्विक विवेचन कीजिए।

4. (क) किन्हीं तीन अलंकारों के लक्षण-उदाहरण लिखिए -

उपमा	यमक	विरोधाभास
विशेषोक्ति	व्यतिरेक	उत्प्रेक्षा

(ख) किन्हीं तीन छंदों के लक्षण-उदाहरण लिखिए -

चौपाई	सोरठा	उल्लाला
छप्पय	भुजंगप्रयात	घनाक्षरी

5. किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए -

(क) भामह के अनुसार काव्य-लक्षण

(ख) काव्य-हेतु

(ग) शृंगार रस

(घ) ओज गुण

(ङ) यमक और श्लेष में अंतर

his question paper contains 6 printed pages.]

Your Roll No.....

. No. of Question Paper : 9206 **GC**

nique Paper Code : 12051402

ame of the Paper : Hindi Kavita (Chayavad ke Baad)
(हिंदी कविता छायावाद के बाद)

ame of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi**

emester : IV

uration : 3 hours Maximum Marks : 75

त्रों के लिए निर्देश

इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सप्रसंग व्याख्या कीजिए - (7.5×2=15)

(क) अगर मैं तुमको ललाती सांझ के नभ की अकेली तारिका
अब नहीं कहता,
या शरद के भोर की नीहार - न्हायी कुँई,

P.T.O.

टटकी कली चम्पे की, वगैरह, तो

नहीं, कारण कि मेरा हृदय उथला या कि सूना है

या कि मेरा प्यार मैला है।

बल्कि केवल यही: ये उपमान मैले हो गए हैं।

देवता इन प्रतीकों के कर गए हैं कूच।

कभी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है।

अथवा

राष्ट्रगीत में भला कौन वह

भारत-भाग्य विधाता है

फटा सुथन्ना पहने जिसका

गुन हरचरना गाता है

मखमल टमटम बल्लम तुरही

पगड़ी छत्र चँवर के साथ

तोप छुड़ाकर ढोल बजाकर

जय-जय कौन कराता है।

पूरब-पश्चिम से आते हैं

नंगे-बूचे नरकंकाल

(ख) राँपी से उठी हुई आँखों ने मुझे
क्षण-भर टटोला
और फिर
जैसे पतियाये हुये स्वर में
वह हँसते हुये बोला-
बाबूजी सच कहूँ-मेरी निगाह में
न कोई छोटा है
न कोई बड़ा है
मेरे लिए, हर आदमी एक जोड़ी जूता है
जो मेरे सामने
मरम्मत के लिये खड़ा है।

अथवा

सब उधार का, माँगा-चाहा
नमक-तेल, हींग-हल्दी तक
सब कर्जे का
यह शरीर भी उनका बंधक
अपना क्या है इस जीवन में
सब तो लिया उधार
सारा लोहा उन लोगों का
अपनी केवल धार।

06

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं दो का रचना-कौशल की दृष्टि से ... कीजिए -

(क) पिछले साठ बरसों से
एक सुई और तागे के बीच
दबी हुई है माँ
हालाँकि वह खुद एक करघा है
जिस पर सांठ बरस बुने गए हैं
धीरे-धीरे तह पर तह
खूब मोटे और गझिन और खुरदुरे
साठ बरस

(काव्य - सौन्दर्य ...

(ख) देश हैं हम
महज राजधानी नहीं।
हम नगर थे कभी
खण्डहर हो गए,
जनपदों में बिखर
गाँव घर हो गए,
हम ज़मीं पर लिखे
आसमाँ के तले
एक इतिहास जीवित,
कहानी नहीं।

(बदलता सामाजिक ...

(ग) कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं

सुबह सुबह

बच्चे काम पर जा रहे हैं

हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह

भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना

लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह

काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे ?

(सामाजिक संवेदनहीनता)

अज्ञेय की काव्य कला का विवेचन कीजिए। (15)

अथवा

'मोचीराम' कविता के आधार पर धूमिल की काव्य संवेदना पर प्रकाश डालिए।

नागार्जुन काव्य की शिल्पगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (15)

अथवा

रघुवीर सहाय की कविताओं में अभिव्यक्त राजनैतिक-सामाजिक सरोकार स्पष्ट कीजिए।

5. राजेश जोशी की कविता में व्यक्त स्वप्न और यथार्थ का चित्रण

अथवा

केदारनाथ सिंह की कविताओं के भाव-सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

his question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No.....

. No. of Question Paper : 9207 GC

nique Paper Code : 12051403

ame of the Paper : Hindi Paper-X (Hindi Upanyas)

ame of the Course : **B.A. (H) Hindi (CBCS)**

emester : IV

मय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

त्रों के लिए निर्देश

इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : (7.5×2=15)

(क) कुछ देर के बाद सड़क पर सन्नाटा था, सावन की निद्रा-सी काली रात संसार को अपने अंचल में सुला रही थी और मोटर अनन्त में स्वप्न की भाँति उड़ी चली जाती थी। केवल देह में ठण्डी हवा लगने से गति का ज्ञान होता था। इस अन्धकार में सुखदा के अन्तस्तल में एक प्रकाश-सा उदय हुआ। कुछ वैसा ही प्रकाश, जो हमारे जीवन की अन्तिम घड़ियों में उदय होता है, जिसमें मन की सारी कालिमाएँ, सारी ग्रन्थियाँ, सारी विषमताएँ अपने यथार्थ रूप में नज़र आने लगती हैं।

P.T.O.

अथवा

और सचमुच इससे इनके जीवन में भराव भी आता लगा। उन्हें हँसना-बोलना अब कठिन नहीं होता है। मिलकर परामर्श को योजनाएँ बनाते हैं। दुनिया में बाहर आकर एक को दूसरे की आवश्य की कीमत लगती है। संयुक्तता का स्वाद घर से बाहर मालूम है। घर जब एक सदा ही दूसरे के सामने उपस्थित रहता है, औ उन्हें परस्पर के अभाव को अनुभव करने का तनिक भी अवकाश होता, तब एक की दूसरे में दिलचस्पी स्वभावतः फीकी-सी पड़ती है। अब खुली दुनिया में आकर वह पग-पग पर दो के एक ही की महत्ता का अनुभव करते हैं।

(ख) उसका पोषण भी धात्री के स्तन से हुआ था। क्या यह उसी कर्म फल है ? बौद्ध श्रमण कहते हैं- मनुष्य अपने कर्म से ही दुख है परन्तु मेरे बच्चे का क्या कर्म है ? अभी तो उत्पन्न ही हुआ उत्पन्न होने से पूर्व ही उसका कर्मफल फूट गया ? वह भी नहीं जा कि किस कर्म का दण्ड वह भोग रहा है। यह भी नहीं जानता वह दण्ड भोग रहा है। हे देवता, अपना अपराध या दुष्कर्म जाने यह अबोध बालक दुष्कर्म से बचने का निश्चय कैसे करे ? यदि दु मैंने किया है तो दण्ड और भोग के लिये प्रस्तुत हूँ।

पहले वह कुछ भी जानता-समझता नहीं था। जानने-समझने की कोई इच्छा भी नहीं थी। पर अब जानने लगा है। और जितना जानता है, उससे बहुत ज्यादा जानने की इच्छा है, बल्कि सब कुछ जान लेने की इच्छा है। उसे मालूम है कि चाचा पापा के पास से आते हैं, और आने पर पापा की बातें करते हैं। क्या बातें करते रहे हैं, उसे नहीं मालूम।

किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए : (7.5×2=15)

(क) "दिव्या" उपन्यास की भाषा।

(ख) शकुन का चरित्र-चित्रण।

(ग) सुखदा के चरित्र की विशेषताएँ।

(घ) "सुनीता" का उद्देश्य।

'कर्मभूमि' उपन्यास की कथा-वस्तु की समीक्षा कीजिए। (15)

अथवा

'कर्मभूमि' उपन्यास स्वाधीनता संग्राम की पृष्ठभूमि है।' इस कथन की विवेचना कीजिए।

'आपका बंटी' उपन्यास-कला की दृष्टि से एक सफल रचना है। स्पष्ट कीजिए। (15)

P.T.O.

अथवा

'आपका बंटी' एक मनोवैज्ञानिक उपन्यास है । इस कथन की वि
कीजिए ।

5. 'सुनीता' उपन्यास के आधार पर सुनीता का चरित्र-चित्रण की

अथवा

'दिव्या' उपन्यास में इतिहास और कल्पना का अद्‌भुत समन्वय हुअ
कीजिए ।

[This question paper contains 2 printed pages.]

Your Roll No.....

Sr. No. of Question Paper : 9297 **GC**

Unique Paper Code : 12053407

Name of the Paper : भाषा और समाज
Bhasha Aur Samaj

Name of the Course : **B.A. (H) Hindi CBCS SEEC**

Semester : IV

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. भाषा सामाजिक संरचना के अनुरूप अपना आकार ग्रहण करती चलती है। भाषा और समाज के संदर्भ में समझाइए।

अथवा

समाजभाषाविज्ञान के स्वरूप पर प्रकाश डालिए। (15)

2. भाषा और समुदाय के पारस्परिक संबंध पर प्रकाश डालिए।

अथवा

P.T.O.

द्विभाषिकता की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसका महत्व बताइए। (15)

3. शिक्षित एवं अशिक्षित वर्ग की भाषा में अन्तर बताते हुए दिल्ली महानगर के विभिन्न वर्गों के भाषा व्यवहार पर विचार कीजिए।

अथवा

भाषा, वर्ग को किस प्रकार व्याख्यायित करती है। सोदाहरण समझाइए। (15)

4. भाषा सर्वेक्षण के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालिए।

अथवा

आधुनिकीकरण और तकनीकी ने भाषा को नवीन आयाम प्रदान किए हैं। सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। (15)

5. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए :

(क) भाषायी संदर्भ : व्यक्ति और समाज

(ख) सामाजिक भाषा व्यवहार

(ग) भाषा और जेंडर

(घ) नवीन भाषा प्रयोग और सोशल मीडिया (8,7)

[This question paper contains 2 printed pages.]

Your Roll No.....

Sr. No. of Question Paper : 9403 GC

Unique Paper Code : 12055401

Name of the Paper : हिन्दी का वैश्विक परिदृश्य

Name of the Course : B.A (H) Hindi CBCS (GE)

Semester : IV

Duration : 3 hours Maximum Marks : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. गिरमिटिया मजदूरों का हिन्दी भाषा के विकास में योगदान स्पष्ट कीजिए। (15)

अथवा

वैश्वीकरण के दौर में हिन्दी भाषा के वैश्विक स्वरूप पर विचार कीजिए।

2. भारतेतर हिन्दी के किन्हीं दो रचनाकारों का संदर्भ देते हुए विश्व में हिन्दी की स्थिति को स्पष्ट कीजिए। (15)

अथवा

P.T.O.

संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी की स्थिति पर विचार कीजिए।

3. 'हिन्दी सिनेमा विश्व के अन्य देशों के भारत के साथ सांस्कृतिक संवाद में अ विशिष्ट भूमिका निभाता है।' - इस कथन के सम्बन्ध में अपने विचार व कीजिए। (1

अथवा

'हिन्दी सिनेमा ने विश्व में हिन्दी की अलग दुनिया का निर्माण किया है विवेचन कीजिए।

4. 'अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन भाषा के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन के सम्बन्ध में इस कथन का विश्लेषण कीजिए (15)

अथवा

बाजारीकरण के दौर में हिन्दी भाषा को किन वैश्विक चुनौतियों का सामना करन पड़ रहा है ?

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए : (8 + 7 = 15)

(क) फीजी अथवा सूरीनाम की हिन्दी भाषा

(ख) यूरोप में हिन्दी

(ग) राजकपूर की फिल्मों का वैश्विक संदर्भ

(घ) किसी एक अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन का परिचय

This question paper contains 2 printed pages.

Your Roll No. .....

GC-4

Sl. No. of Ques. Paper: **8753**

Unique Paper Code : **12055206**

Name of Paper : **Patakatha Tatha Samvad Lekhan**
(पटकथा तथा संवाद लेखन)

Name of Course : **Generic Elective : Hindi for Hons.**

Semester : **II/IV**

Duration : **3 hours**

Maximum Marks : **75**

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. 'पटकथा पट के लिए लिखी गयी कथा है'— इस कथन को स्पष्ट करते हुए पटकथा की अवधारणा पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 14

अथवा

पटकथा के स्वरूप की चर्चा करते हुए स्पष्ट कीजिए कि दृश्य पटकथा की सबसे छोटी इकाई कैसे है। 14

2. फ़ीचर फ़िल्म के सन्दर्भ में पटकथा-लेखन की विधि पर प्रकाश डालिए। 14

अथवा

किसी साहित्यिक कृति को पटकथा में ढालते हुए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? सोदाहरण चर्चा कीजिए।

3. संवाद से आप क्या समझते हैं? संवाद का संरचना को सोदाहरण समझाइए। 14

अथवा

कथा-आधारित दृश्य-श्रव्य विधाओं के लिए संवाद के महत्व पर प्रकाश डालिए। 14

4. फ़ीचर-फ़िल्म एवं डाक्यूमेंट्री के संवाद-लेखन के अन्तर को स्पष्ट कीजिए। 14

अथवा

टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले किसी एक धारावाहिक के संवादों का विश्लेषण कीजिए। 14

5. किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए:

(क) कथा और पटकथा में अन्तर

(ख) दृश्य और शॉट का अंतर

(ग) टीवी धारावाहिक के संवाद की सामान्य विशेषताएं

(घ) किसी फ़िल्म के चर्चित संवाद का विश्लेषण

(ङ) डाक्यूमेंट्री। 14

This question paper contains 2 printed pages.]

Your Roll No.....

r. No. of Question Paper : 6099 **G**

nique Paper Code : 205601

ame of the Paper : रचनात्मक लेखन

ame of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi**

emester : VI

uration : 3 Hours Maximum Marks : 75

त्रों के लिए निर्देश

इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

कथा-साहित्य की आधारभूत संरचना पर प्रकाश डालिए। (15)

अथवा

नाट्य-साहित्य में परिवेश की भूमिका का विवेचन कीजिए।

कविता में संवेदना की भूमिका स्पष्ट कीजिए। (15)

अथवा

निबंध के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

P.T.O.

3. टेलीविजन पटकथा लेखन की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजि

अथवा

सूचना तंत्र में फीचर-लेखन का महत्त्व रेखांकित कीजिए।

4. टिप्पणी लिखिए:

(क) बाल साहित्य

अथवा

शब्द-शक्ति का महत्व।

(ख) औपचारिक-अनौपचारिक भाषा

अथवा

मानक भाषा।

5. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए-

(क) रचनात्मक लेखन की अवधारणा।

(ख) विज्ञापन का महत्त्व।

(ग) संपादन

(घ) पुस्तक-समीक्षा

[This question paper contains 2 printed pages.]

Your Roll No.....

Sr. No. of Question Paper : 6100 **G**

Unique Paper Code : 205602

Name of the Paper : Hindi Bhasha ki Sanrachna

Name of the Course : **B.A. (H) Hindi**

Semester : VI

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

1. भाषा के आधुनिकीकरण को स्पष्ट करते हुए इसकी प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए। (15)

अथवा

हिंदी के जनपदीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ पर विचार कीजिए।

2. हिंदी की स्वनिम व्यवस्था का विवेचन कीजिए। (15)

अथवा

